जज्बातों को भड़काने वाले...
एमआईएम जैसे संगठन का विरोध

मुस्लिम लीग के कौसर हयात का दावा, जलसा-ए-आम निमित्त मुस्लिम लीग की प्रेसवार्ता

अमरावती : प्रेसावार्ता में जानकारी देते मुस्लिम लीग के पदाधिकारी . फोटो जय स्टूडियो, अमरावती

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अमरावती- इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग तथा यूथ लीग की ओर से सोमवार को पठान चौक स्थित एसोसिएशन स्कूल के सामने मैदान पर जलसा-ए-आम का आयोजन किया गया. जलसा में शरीक होने के लिए शहर पधारे मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय सचिव मौलाना कौसर हयात ने प्रेसवार्ता में कहा कि मुस्लिम लीग किसी भी ऐसे संगठन का समर्थन नहीं करती जो जज्बातों को भड़काते हैं, ऐसे एमआईएम संगठन का लीग विरोध करती है.

प्रेसवार्ता में मौलाना कौसर हयात ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की दयनीय स्थिति है. आज हाथ जोड़ते नजर आ रही है. एमआईएम पर शाब्दिक प्रहार करते हुए कहा कि भड़काऊ भाषण देकर लोगों को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है. भड़काऊ भाषणों के विरोध में मुस्लिम लीग है. जिन कारणों से देश में साम्प्रदायिकता बढ़ती है, उनका लीग विरोध करती है. जज्बातों से खिलवाड़ कर सत्ता हासिल करने की नीति के खिलाफ लीग है. 2012 में मनपा के चुनाव में नागपुर में सत्ता हासिल करने के लिए 3 सीटें कम थीं. उस समय मुस्लिम लीग ने नया फ्रंट बनाया, लेकिन भाजपा को समर्थन नहीं दिया. वर्तमान में मौजूदा शासन आर्थिक, शिक्षक व सामाजिक विकास में मुसलमानों की ओर अनदेखी कर रही है, यह चिंता का विषय है. पूरे देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है. देश को विकास से दूर रखने के लिए धर्म और जाति के नाम पर लोगों को उकसाया जा रहा है. उनमें नफरत फैलाई जा रही है. इन कृत्यों की मुस्लिम लीग निंदा करती है. बाबरी मस्जिद का मसला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद कुछ लोगों द्वारा भव्य मंदिर की निर्माण की बात कही जा रही है. यह संविधान व न्यायालय का अनादर है. ऐसे अराजकता फैलाने वाले लोगों पर सरकार कानूनी कार्रवाई करे, यह मुस्लिम लीग की मांग है. केरल में शत प्रतिशत साक्षरता है. वहां मुस्लिम समुदाय को आरक्षण की वजह से आपसी भाईचारा व राज्य का विकास कायम है. इसी तर्ज पर पूरे देश में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग आपसी भाईचारा, अमन कायम करना चाहती है. इससे देश का चहुंमुखी विकास होगा और पूरे विश्व में भारत देश का नाम रोशन होगा, ऐसा दावा किया. प्रेसवार्ता में मौलाना कौसर हयात के अलावा यूथ लीग के प्रदेशाध्यक्ष इमरान अशरफी, मुस्लिम लीग के प्रदेश सचिव डॉ. अब्दुल रहीम भारती, मुस्लिम लीग जिला चेअरमैन उपस्थित थे.

वंचित घटकों के हित में कार्य शुरू- अशरफी

प्रेसवार्ता में यूथ लीग के प्रदेशाध्यक्ष मो. इमरान अशरफी ने कहा कि एमआईएम के मनपा में 10 पार्षद व एक स्वीकृत सदस्य है, बावजूद एमआईएम ने जो वादे किए थे उसमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया. हर स्तर पर एमआईएम फेल साबित हुई है. मुस्लिम लीग का एक भी पार्षद मनपा सदन में न रहने के बावजूद लीग की ओर से मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मुस्लिम लीग की ओर से क्षेत्र में दो बोअरवेल निर्माण करवाना है. मुस्लिम लीग का एजेंडा सिर्फ और सिर्फ पिछड़े क्षेत्रों का विकास है.

यह लो सबूत...अब त्यागपत्र दो..

शिवराय कुलकर्णी की विधायक राणा को चुनौती

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अमरावती- बडनेरा के विजय मील की जगह हड़पने का षड़यंत्र विधायक रवि राणा द्वारा अब भी शुरू है. जगह हड़पने की साजिश के संदर्भ में सबूत देने पर विधायक पद से त्यागपत्र देने का दावा विधायक राणा ने किया था. इस प्रकार की दलील देते हुए सोमवार को प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने विधायक राणा के खिलाफ सबूत देते हुए त्यागपत्र की मांग की. बीते कुछ दिनों से बडनेरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधायक रवि राणा व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. बडनेरा की विजय मील को हड़पने की साजिश विधायक राणा रच रहे हैं, ऐसा आरोप शिवराय कुलकर्णी ने लगाया था. इस पर राणा ने कहा था कि जगह हड़पने के संदर्भ में अगर कुलकर्णी सबूत देते हैं तो वे पद से त्यागपत्र दे देंगे. प्रेसवार्ता में शिवराय कुलकर्णी ने विजय मील की जगह के संदर्भ में तमाम दस्तावेज देते हुए दावा किया कि राणा के खिलाफ यह सबूत है अब वे अपने पद से त्यागपत्र दें, ऐसी चुनौती थी. प्रेसवार्ता में उपमहापौर संध्या टिकले, सुरेश लुंगारे, गंगा अंभोरे, पद्मजा कौंडण्य, किशोर जाधव, विवेक चुटके, नीलेश शिरभाते, मंगेश खोड़े, राजू लिखितकर, किरण अंबाडकर, अन्नू शर्मा, उमेश नीलगिरे, शेखर कुलकर्णी, प्रदीप सोलंके, तुषार अंभोरे आदि उपस्थित थे.

गजानन विजयग्रंथ पारायण उत्सव 24 को

ईशावास्यम् बहुउद्देशीय संस्था सेवा समिति का आयोजन, आयोजकों की प्रेसवार्ता

अमरावती : प्रेसवार्ता में धार्मिक उत्सव की जानकारी देते प्रा. डॉ नितिन धांडे व अन्य.

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अमरावती- स्थानीय ईशावास्यम् राष्ट्राय इदम् न मम बहुउद्देशीय संस्था व श्रीभक्त पारायण समिति की ओर से 24 नवंबर को सद्गुरु गजानन महाराज विजयग्रंथ पारायण 1001 श्रद्धालुओं के द्वारा स्थानीय दस्तूर नगर एमआईडीसी रोड गोदावरी कॉलोनी समीप ईशावास्यम् गजानन महाराज मंदिर में किया जाएगा. इस आयोजन की जानकारी देने के लिए सोमवार को आयोजकों की ओर से प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया. प्रेसवार्ता में आयोजकों ने बताया कि सुबह 7.11 बजे विद्या पडवल (ठाणे) की सुमधुरवाणी में पारायण शुरू होगा. इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान विदर्भ यूथ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. नितिन धांडे रहेंगे. पारायण उत्सव दोपहर 3.30 बजे तक चलेगा. इस समारोह के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा. 5 हजार श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद का लाभ लिया जाएगा. महापारायण कर्ताओं के लिए चाय व फराल की व्यवस्था समिति की ओर से की गई है. महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण शुरू किया जाएगा. पारायण में शामिल होने के लिए पंजीयन शुरू किया गया है. पारायण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं में आयोजकों की ओर से ग्रंथ उपलब्ध किया जाएगा. उसके पूर्व 22 नवंबर को पालकी दिंडी सुबह 7 से मंदिर परिसर से निकाली जाएगी. प्रेसवार्ता में डॉ. नितिन धांडे, डॉ. प्रणय कुलकर्णी, मंगेश खोडे, श्रीकांत हरतालकर, अतुल ठाकरे, अमोल ठाकरे, मंगेश कोडे, प्रमोद कराले, शारदा टवानी, भारती बजाज, उज्जवला देशमुख आदि प्रयासरत हैं.

अभिषेक धामणकर का भव्य सम्मान

हव्याप्र मॉर्निंगवॉक ग्रुप का आयोजन

अमरावती : अभिषेक को पुष्पगुच्छ देते ग्रुप के सदस्य

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अमरावती- स्थानीय हनुमान व्यायाम प्रसारक के क्रिकेट मैदान पर सोमवार को मॉर्निंग वॉक के लिए आने वाले ग्रुप व वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा अभिषेक महेंद्र धामणकर का भव्य सम्मान किया गया.

महाजनपुरा निवासी अभिषेक धामणकर को हाल ही में आईपीएस ऑल इंडिया रैंकिंग में 134वां क्रमांक मिला. उनकी इस कामयाबी का सम्मान किया गया. सामान्य परिवार से जुड़े अभिषेक को मैदान पर आमंत्रित कर जोशपूर्ण स्वागत किया गया. इस दौरान राजेश गोयनका, रविकांत कोल्हे, सुधीर बोपुलकर, सोमेश्वर कोठार, नारायण गौड़, मनोज गोयनका, अरविंद शेटेवार, रंजन महाराज, संजय पाटिल, राजेश शर्मा, संजय केसरवानी, जितेश साहू, श्रीकांत शेटे, दीपक शिरपुरे, प्रवीण भेले, राजेंद्र कपिले, दीपक गुप्ता, विनोद मानेकर, नितिन वानखड़े, चंदू विधपे, मनीष मानेकर, जयंत पडवलकर, प्रवीण बिंड, सुरेश कपूर, अनिल मिश्रा, अशोक करुले, नरेंद्र केवले, पंकज खोलापुरे, प्रवीण जाधव, गजानन गुंबले, नरेश लढ्ढा, दीपक मंत्री, नितिन जावरे, सुरेंद्र धामनकर आदि उपस्थित थे.

हजारों ने लिया अन्नकूट प्रसाद का लाभ

सीतारामदास बाबा मंदिर में आयोजन

अमरावती- स्थानीय बालाजी प्लॉट स्थित श्री संत शिरोमणि सीतारामदास बाबा मंदिर में अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया. यहां हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लेकर प्रसाद ग्रहण किया. सीतारामदास बाबा मंदिर में प्रतिवर्ष अन्नकूट का आयोजन किया जाता है. इस वर्ष भी विधिविधान के साथ आयोजन किया गया. महंत मनमोहनदास बाबा के हाथों भगवान व बाबाजी की आरती की गई. पश्चात 56 भोग का चढ़ावा अर्पित करने के बाद अन्नकूट प्रसाद का वितरण शुरू किया गया. प्रसाद वितरण में कई श्रद्धालुओं ने सेवा दी. दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण कार्यक्रम शुरू हुआ. बड़े ही भक्तिभाव के साथ श्रद्धालुओं ने उपस्थित रहकर मंदिर में दर्शन के बाद प्रसाद का लाभ लिया.इस दौरान विजय करवा, विजय जयस्वाल, दीपक राठी, लक्ष्मीकांत झंवर, अशोक लोटिया, नंदकिशोर राठी, गोपाल राठी, सुखदेव तरडेजा, हरिनारायण लढ्ढा, लक्की दादलानी, पुष्कर डागा, सुशील सारडा, सुनिल तरडेजा, घनश्याम कासट, किशोर मंत्री, राजेंद्र सोमानी, अशोक सोनी, सत्यनारायण यादव, प्रदीप खत्री, प्रवीण मालू, अजय गाड़े, श्रीकांत झंवर, शिव मालानी विजय मुंधड़ा, पदम देवड़ा, विजय खंडेलवाल, दिनेश मुंधड़ा, गोविंद दायमा, रमण दायमा, मधु करवा, राजेंद्र नांगलिया, पप्पू छतवाणी, उज्जवल वालेचा, मंगल दारा, गिरीश मेहता, कृष्णा सोनटक्के आदि उपस्थित थे.

शीतकालीन परीक्षा रद्द

अमरावती - संत गाड़गे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय अंतर्गत शीतकालीन परीक्षा 21 नवम्बर को ईद की सार्वजनिक छुट्टी रहने के कारण रद्द की गयी है. जल्द ही शीतकालीन परीक्षा की नई समय सारिणी घोषित की जाएगी. यह जानकारी विवि के परीक्षा व मूल्यमापन मंडल के संचालक डॉ. एच. आर. देशमुख ने दी है.

विरशैव समाज का परिचय सम्मेलन 24 व 25 को

अमरावती-विदर्भ विरशैव समाज समिति की ओर से 24 व 25 नवंबर को द्वितीय विदर्भ स्तरीय उपवर-वधू परिचय सम्मेलन का आयोजन शेगांव में किया गया है. सम्मेलन में 2500 उपवर-वधू सहभाग होने की जानकारी समिति अध्यक्ष शिरीष रामापुरे ने दी है. सहभागी उपवर-वधू में से 71 परिचय देने वालों को ड्रा द्वारा चयन कर इष्टलिंग प्रदान किया जाएंगा. साथ ही जानकारी पुस्तिका का प्रकाशन भी सम्मेलन दौरान किया जाएंगा. विरशैव लिंगायत समाज के सभी शाखा, तलाकशुदा, विधूर सहभाग ले सकते है. समाज बंधुओं से सम्मेलन में सहभाग लेने का आह्वान आयोजकों ने किया है.

स्वास्थ्य के लिए योग सबसे बेहतरीन विकल्प : स्वाति कुलकर्णी

योग परिवर्तन संघ का शिविर

अमरावती - नगरसेविका स्वाति कुलकर्णी के साथ योग साधक.

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अमरावती- स्वस्थ रहने के लिए जितने भी तरह की शारीरिक क्रियाएं की जाती हैं योग उनमें सबसे बेहतरीन विकल्प है. आज जिस तरह शारीरिक और मानसिक बीमारियां बढ़ रही हैं. हर किसी को नियमित रूप से योग करना बेहद जरूरी है. उक्त प्रतिपादन नगरसेविका स्वाति कुलकर्णी ने किया. वह योग परिवर्तन संघ द्वारा आयोजित 15 दिवसीय शारीरिक व मानसिक बीमारियों के लिए विशेष योग मेडिटेशन शिविर के समापन अवसर पर बोल रही थीं. कार्यक्रम में शारदा नगर वरिष्ठ नागरिक कृति समिति के सचिव रघुनाथ कुबड़े, चंद्रशेखर कुलकर्णी, योग गुरु प्रमोद डाहेकर प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

इस मौके पर रघुनाथ कुबड़े ने कहा कि स्कूलों में यौन शिक्षा नहीं बल्कि योग की शिक्षा देना चाहिए. योग से न केवल स्वास्थ्य अच्छा होता है बल्कि अनाचार, अत्याचार, भ्रष्टाचार सहित समस्त सामाजिक बुराइयां भी इससे समाप्त होंगी. योग साधक नरेश डागा ने कहा कि 15 दिन के शिविर में ही उन्हें बहुत अधिक लाभ मिला है. पूरे दिन बेहद अच्छा महसूस होता है. एक अन्य योग साधक दिनेश उत्तमचंदानी ने कहा कि इस शिविर से उन्हें बहुत अधिक मानसिक शांति मिली है. संगीता मरपुले ने कहा कि उनके घुटने के दर्द में काफी राहत मिली है. जनार्दन स्वामी योगाभ्यासी मंडल नागपुर के योग शिक्षक व्यासमुनि ने योग का प्रशिक्षण दिया. कार्यक्रम का संचालन परिवर्तन योग संघ के अध्यक्ष तेजस गोतरकर ने किया. नगरसेविका स्वाति कुलकर्णी ने कहा कि योग शिविर को भविष्य में भी जारी रखने की कोशिश की जाएगी.

उन्होंने शारदा नगर सहित अमरावती शहर के सभी नागरिकों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की. शिविर का आयोजन नगरसेविका स्वाति कुलकर्णी के विशेष सहयोग से किया गया था.

इस अवसर पर डॉ. शरद जुनघरे, डॉ. कमलेश बांगड़, दीपक पंडित, नरेश डागा, दिनेश उत्तमचंदानी, बबन फसाटे, लक्ष्मण लोणारकर, अनिल अटालकर, शरद सातोकर,मुकुंद चौतपगार, आराध्य जुनघरे, नीलिमा जुनघरे, राई जुनघरे, पुष्पा फसाटे, नामदेव पाटिल, दिलीप मरपुले, संगीता मरपुले, सुनिता पंडित, सुनंदा बांगड़, प्रफुल्ल मुरदासे आदि उपस्थित थे.

तेली साहू समाज को एकजुट करने का ध्येय

महासंगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाशचंद साहू का संकल्प, प्रतिदिन अखबार से विशेष बातचीत

अमरावती,प्रतिनिधि, 19 नवंबर- हाल ही में तेली साहू समाज महासंगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए कैलाशचंद साहू चावलवाले ने प्रतिदिन अखबार से विशेष बातचीत में कहा कि तेली साहू समाज अलग-अलग बिखरा हुआ है. समूचे देश के तेली साहू समाज को एकजुट करने का लक्ष्य है. इसके लिए नियोजित तरीके से काम किया जाएगा. उन्होंने कहा कि एकता में बड़ी शक्ति है. समाज एकजुट होगा तो विकास होगा. इस सोच को सामने रख काम करने की मंशा कैलाशचंद साहू ने व्यक्त की.

रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर जैसे उपक्रम

कैलाशचंद साहू चावलवाले ने बताया कि वर्तमान में कई सामाजिक संगठन रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर व धार्मिक कार्यक्रम लेते हैं. तेली साहू समाज की ओर से भी वर्षभर सामाजिक उपक्रम लिए जाते हैं. रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्यक्रम के आयोजन का प्रमाण बढ़े, इसके लिए विशेष रूप से कार्य करने की इच्छा है.

स्थानीय जाफरजीन प्लाट अग्रवाल टावर निवासी कैलाशचंद साहू चावलवाले धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर सहभाग लेते हैं. समाज के लिए काम करने की ललक व नियोजन की क्षमता को देखते हुए तेली साहू समाज महासंगठन की ओर से उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है. मिलनसार स्वभाव के धनी कैलाशचंद साहू चावलवाले ने नियुक्ति के संदर्भ में बताया कि महासंगठन की ओर से जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका निष्ठा व लगन के साथ निर्वहन करूंगा. महासंगठन ने पद के रूप में समाज के लिए एक जिम्मेदारी सौंपी है. ऐसा मानते हुए उन्होंने कहा कि तेली साहू समाज को एकजुट करने की दिशा में काम शुरू किया जाएगा. समाज एकजुट रहेगा तो एक शक्ति बनेगी. एकजुटता से विकास का मार्ग प्रशस्त होगा. शिक्षा समेत अन्य समस्याएं समाज के समक्ष है. इन समस्याओं का निराकरण तेली साहू समाज महासंगठन की ओर से किस प्रकार किया जाए इसका अध्ययन कर नियोजित तरीके से कार्य किया जाएगा. समाज के हर कार्यक्रम में उपस्थिति दर्शाने वाले कैलाशचंद साहू ने बताया कि शादी ब्याह में जो फिजूल खर्च होता है उस पर रोकथाम की जरूरत है. परिचय सम्मेलन समाज की ओर से आयोजित किया जाता है. इसका सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहा है. जिस प्रकार परिचय सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं उसी तर्ज पर सामूहिक विवाह के आयोजन करने की मंशा है. सामूहिक विवाह आयोजन से फिजूल खर्च पर रोक लगेगी. साथ ही समय की बचत भी होगी. समाज हित में जो-जो कार्य हैं उसे पूरा करने का लक्ष्य है. महासंगठन के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कामकाज किया जाएगा.

युवा पीढ़ी के लिए संस्कार शिविर

तेली साहू समाज महासंगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाशचंद साहू चावलवाले का मानना है कि वर्तमान में युवा पीढ़ी पर पश्चिमी सभ्यता हावी हो रही है. युवा पीढ़ी समाज की सभ्यता व संस्कार से दूर हो रही है. हर समाज व देश के लिए युवा पीढ़ी ही भविष्य है. भविष्य उज्जवल बनाने के लिए युवा पीढ़ी पर ध्यान देने की जरूरत है. इसके लिए महासंगठन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर युवा पीढ़ी के लिए संस्कार शिविर लेने की मंशा है. यह शिविर युवा पीढ़ी को तेली साहू समाज की परंपरा, तीज त्यौहार व संस्कार से अवगत कराने के लिए लेने की योजना है. जल्द ही इस दिशा में काम शुरू करने का ध्येय उन्होंने व्यक्त किया.

ईद-ए-मिलादुन्नबी पर रक्तदान शिविर कल

मो. एजाज पहलवान द्वारा आयोजन

पूर्व विधायक रावसाहब शेखावत के हाथों होगा उद्घाटन

अमरावती - बुधवार, 21 नवम्बर को ईद-ए-मिलादुन्नबी पर्व समूचे शहर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा. सरकार की आमद के उपलक्ष्य में मो. एजाज पहलवान की ओर से स्थानीय मुजफ्फरपुरा स्थित नगीना मस्जिद रोड पर मो. एजाज पहलवान के जनसंपर्क कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक रावसाहब शेखावत के हाथों किया जाएगा. प्रमुख अतिथि के रुप में कांग्रेस कमिटी के शहराध्यक्ष किशोर बोरकर उपस्थित रहेंगे. पंजाबराव देशमुख ब्लड बैंक के डॉक्टर व कर्मी रक्तदान शिविर में सेवा देंगे. सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर चलेगा.शिविर आयोजन के उद्देश्य के संदर्भ में मो. एजाज पहलवान ने बताया कि दीपावली पर्व के चलते महाविद्यालयों व स्कूलों को अवकाश के कारण रक्तदान शिविर का आयोजन खंडित हुआ था. जिसके कारण अस्पतालों में मरीजों को रक्त के लिए काफी दौड़भाग करनी पड़ रही है. इस विषय को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है.